# <u>प्रेस विज्ञप्ति</u>


## 15वीं हितधारकों की बैठक: इरेडा के सीएमडी ने उभरती नवीकरणीय ऊर्जा के लिए वित्तीय व्यवहार्यता पर प्रकाश डाला



नई दिल्ली, 23 दिसंबर 2023

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री प्रदीप कुमार दास ने नवीन और उभरती नवीकरणीय ऊर्जा प्रौद्योगिकियों को वित्तीय रूप से व्यवहार्य उद्यमों में बदलने के लिए नेतृत्व करने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता दोहराई । उन्होंने यह टिप्पणी आज एक वर्चुअल प्लेटफॉर्म के माध्यम से आयोजित इरेडा की 15वीं हितधारकों की बातचीत बैठक के दौरान की, जिसमें नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के विकास को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से विचार विमर्श के लिए एक प्लेटफॉर्म के रूप में कार्य करता है।

इस सत्र की शुरुआत इरेडा द्वारा हाल में ही की गई व्यावसायिक पहलों पर प्रकाश डालते हुए, नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियों और प्रगति को प्रदर्शित करते हुए एक व्यापक प्रस्तुति के साथ हुई थी । इरेडा के मौजूदा ऋण उत्पादों में हाल के संशोधनों पर मुख्य ध्यान केंद्रित किया गया था, और 16 सितंबर 2023 को आयोजित पिछली बातचीत बैठक के दौरान हितधारकों से प्राप्त प्रमुख सुझावों पर एक कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत की गई थी।




इरेडा के सीएमडी, श्री प्रदीप कुमार दास ने अपने संबोधन में, पिछले साढ़े तीन वर्षों के दौरान कंपनी की ऐतिहासिक वृद्धि और उपलब्धियों में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए, इरेडा के समर्पित व्यापार भागीदारों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हितधारकों की बातचीत बैठकों ने नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के अंतर्गत सहयोगात्मक प्रयासों के लिए उत्प्रेरक के रूप में काम करते हुए, इरेडा के तीव्र विकास को आगे बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

इरेडा के सीएमडी ने इरेडा के आईपीओ की महत्वपूर्ण सफलता का श्रेय मुख्य रूप से मूल्यवान ग्राहकों को देते हैं, जिन्होंने विस्तारित अवधि के दौरान कंपनी के साथ निरंतर व्यापारिक संबंध बनाए रखे हैं। नवीकरणीय ऊर्जा विकास के संबंध में निवेशक समुदाय और बड़े पैमाने पर जनता के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए

इरेडा के आईपीओ की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में भी जोर दिया गया। इस बैठक में प्रतिष्ठित व्यापारिक साझेदारों की सशक्त भागीदारी देखी गई, जिससे विभिन्न प्रकार के दृष्टिकोण सुनिश्चित हुए।

इस बैठक के दौरान, उधारकर्ताओं ने इरेडा को उसकी ऐतिहासिक लिस्टिंग और 'सीएमडी ऑफ द ईयर' के साथ-साथ हाल ही में प्राप्त चार अन्य प्रतिष्ठित पुरस्कारों के लिए बधाई दी। उधारकर्ताओं ने इस संवाद में सक्रिय रूप से भाग लिया और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के विकास के लिए कई उपयोगी सुझाव दिए। उनकी अंतर्दृष्टि और सुझावों का इरेडा द्वारा मूल्यवान इनपुट के रूप में स्वागत किया गया, जिनके बारे में भविष्य में नीति निर्माण और रणनीतिक योजना के बारे में उचित रूप से विचार किया जाएगा ।

